# भगवान मुनि सुव्रत स्वामी जिनालय में प्रतिष्ठा महामहोत्सव, सिद्धचक्र महापूजन



नाल गांव स्थित नूतन जिनालय में प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन सिद्धचक्र महापूजन करते श्रावक-श्राविकाएं।

■ क्रेन के माध्यम से गुम्बज, 11 फीट ऊंचा ध्वज दंड, शिखर पर ध्वज स्थापित

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज आदि ठाणा नाल गांव में मुनि सुव्रत स्वामी के प्राचीन मंदिर में प्रतिष्ठा महा महोत्सव में रविवार को भक्ति गीतों के साथ स्नात्र पूजा, सिद्धचक्र महापूजन, भक्तामर मंत्रों से पूजन किया गया।

पूजा के दौरान बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर महाराज, साध्वीश्री प्रभंजनी व चिद्यशी आदि ठाणा मौजूद थीं। जैन श्वेताम्बर ओसवाल श्रीसंघ खरतरगच्छ ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन लाल नाहटा ने बताया सोमवार को पौने सात बजे स्नात्र पूजा, सवा आठ बजे प्रतिष्ठा विधान, पौने बारह बजे शांति स्नात्र पूजा होगी। मंगलवार को सुबह सवा छह बजे द्वारो उद्घाटन, सुबह पौने नौ बजे सतर भेदी पूजा का आयोजन होगा।

जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज, विधिकारक सिरोही के मनोज कुमार बाबूमल हरण व उनकी टीम के घाणेराव के गोविंद पंवार ने परमात्म भक्ति के पूजा के प्रसंग के अनुसार भक्ति गीत गाकर श्रावक-श्राविकाओं को भक्ति रस से सराबोर रखा। पूजा व अभिषेक में सुश्रावक पुरखचंद, धनराज, दीपचंद डागा, वीरमती देवी पत्नी स्व. भंवर लाल डागा परिवार के सदस्यों, मुख्य लाभार्थी अभय-साधना डागा, आदित्य व युवराज डागा, विशिष्ट सहयोगी पवन पारख, गणेश बोथरा व मनोज सेठिया परिवार के साथ अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने भागीदारी निभाई। सुप्रसिद्ध वास्तुकार अहमदाबाद के पुरोहित कमलेश भाई सोमपुरा की देखरेख में क्रेन के माध्यम से गुम्बज, 11 फीट ऊंचा ध्वज दंड, शिखर पर ध्वज स्थापित करने के लिए सीढ़ियों तथा तीन दिशाओं में मंगलमूर्ति की स्थापना तथा तीनों द्वारों के गुमटियों पर मंदिर के प्रतीक, गर्भगृह में मुनि सुव्रत स्वामी के साथ दोनों ओर तीर्थंकरों की पीले एवं सफेद संगमरमर की प्राचीन निज मंदिर के दोनों ओर दादा गुरूदेव जिनदत्त सूरि व देवचन्द्र महाराज की प्रतिमाएं स्थापित की गई। कमलेश भाई ने बताया कि करीब ढाई फीट के गुम्बज व 11 फीट के ध्वज दंड के स्थापित होने से मंदिर की ऊंचाई करीब 57 फीट हो जायेगी।

**जम्भेश्वर भगवान का 489 वां महानिर्वाण दिवस :** नोखा में जम्भेश्वर भगवान के 489 वें महा निर्वाण दिवस पर निर्वाण स्थली लालासर साथरी पर रविवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था से शीश नवाकर नमन किया। सुबह यज्ञ व शब्दवाणी पाठ के उपरांत धर्म सभा का आयोजन हुआ।

जिसमें मुकाम पीठाधीश्वर स्वामी रामानंद आचार्य ने गुरू जांभोजी की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनेक अनेक चलंता दीठा, कलि का माणस कौण बिचारूं.. अर्थात जगत में उत्पन्न सत्ता का अवसान निश्चित है। यही ब्रह्मांड का अंतिम सत्य है। अनेक अनेक योद्धाओं का काल ने कलेवा कर लिया कलयुग के मनुज की भला क्या बिसात है।

समराथल धोरा के महंत रामकृष्ण दास ने कहा कि गुरू जाम्भोजी की वाणी की चेतना आज भी हमारे भीतर ऊर्जा का संचार करती है। सांसारिक लोगों के जन्मदिन का महत्व ज्यादा है। सिद्ध पुरूषों के निर्वाण दिवस को अधिक स्मरण किया है। समाजसेवी शिवकरण डेलू ने गीता और गुरू वाणी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आव्हान किया। गायक हनुमान धायल ने पारंपरिक साखियों के माध्यम से भगवद गुणानुवाद किया।

महिला गायिका रामेश्वरी देवी पूनिया ने भक्ति गीतों से सभी श्रद्धालुओं को भक्ति रंग में सराबोर कर दिया। बाड़मेर से आये बालूराम सियाग ने तरवर सरवर संतजन चौथा बरसे मेह,परमार्थ रे कारणे चारां धारी देह ' को स्वर देकर जागरण में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लालासर साथरी धाम के महंत स्वामी सच्चिदानंद आचार्य ने सभी आगंतुकों का सत्कार व साधुवाद किया। लालासर साथरी धाम के सेवकदल द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद व आवास का सराहनीय प्रबंध किया। इससे पहले शनिवार रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन हुआ।

## बीकानेर में महिला जन सुनवाई 26 को

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए आयोग राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार के तहत 26 नवम्बर को जन सुनवाई की जायेगी।

इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है। यह जन सुनवाई 26 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से बीकानेर के जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की जायेगी। इसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, आयोग की सदस्यगण ममता कुमारी व डॉ. अर्चना मजूमदार तथा आयोग की सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इस जन सुनवाई में जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

राष्ट्रीय महिला आयोग बीकानेर और आसपास के सभी शहरों जैसे हनुमानगढ़, अनूपगढ़ और श्रीगंगानगर आदि की महिलाओं से यह आग्रह करता है कि यदि वे किसी भी प्रकार की समस्या से पीड़ित हैं, तो इस जन सुनवाई में भाग लेकर अपनी समस्या आयोग तक पहुंचाएं। आयोग आपकी प्रत्येक समस्या के समाधान को खोजने के लिए प्रयासरत रहेगा।

## सार-समाचार

### भैरव सहस्त्रनाम हवन में दी आहुति



संत भावनाथ महाराज के सानिध्य में भैरव साधक प्रहलाद ओझा ने सपत्निक यज्ञ कुण्ड में आहुतियां दी।

**बीकानेर,** (कासं)। रमक झमक स्थित भैरव दरबार में तीन दिवसीय भैरव जन्मोत्सव (भैरव अष्टमी महोत्सव) के समापन समारोह पर अनेक आयोजन दिन भर हुए। सुबह गुलाब के पुष्प से भैरव के स्तोत्रम से अर्चन किया गया। अर्चन में सोहन महाराज उपाध्याय, हिम्मताराम राजपुरोहित, शांतिलाल कोचर, प्रदीप तंवर, प्रदीप शर्मा, अंजली तंवर व शिवानी शर्मा ने पुष्पों से भैरवनाथ को सजाया। संत भावनाथ महाराज के सानिध्य में भैरव साधक प्रहलाद ओझा ने सपत्निक यज्ञ कुण्ड में आहुतियां दी। यज्ञाचार्य पंडित गणेश छंगाणी व उनकी टीम ने भैरवनाथ के एक हजार नाम, रूद्र सूक्त के साथ भैरव शतनाम की विशेष आहुतियां दिलाई। प्रहलाद ओझा ने भैरवनाथ से सामूहिक प्रार्थना 'म्हे तो जाओ किसके द्वार, म्हेतो आया थोरे द्वार, भैरुं म्होरा काम सार' करूणा भरी वाणी में की व सबसे भी करवाई जिससे सब भावुक हो गए। रमक झमक भैरव दरबार में भैरव अनुष्ठान के समापन पर संत भावनाथ महाराज ने कहा कि शहर परकोटा आध्यात्मिक व सांस्कृतिक चेतना का केन्द्र है और रमक झमक द्वारा सामाजिक के साथ आध्यात्मिक आयोजन में अग्रणीय है। इससे बच्चों में सेवा व संस्कार के भाव उपजते हैं। सोहन महाराज उपाध्याय ने कहा कि बीकानेर की भूमि ही भैरव भूमि है जहां चारों खूंट भैरव है जो इस क्षेत्र की रक्षा करने वाले क्षेत्रपाल है।

### कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशिक्षण



बीकानेर प्रौढ़ शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष अविनाश भार्गव ने असिस्टेंट कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए।

**बीकानेर,** (कासं)। हर बेरोजगार सरकारी नौकरियों की ओर ही दौड़ रहा है, लेकिन कौशलता से स्वरोजगार प्राप्त करना आसान होता है। यह उद्बोधन वरिष्ठ साक्षरता कर्मी व बीकानेर प्रौढ़ शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष अविनाश भार्गव ने भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सौजन्य से बीकानेर प्रौढ़ शिक्षण समिति द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान बीकानेर द्वारा संचालित अस्सिटेंट कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशिक्षण केन्द्र के समापन समारोह एवं दीक्षांत समारोह में कही। भार्गव ने कहा कि आपको जिस फील्ड में लगता है कि अच्छी संभावना है तो उसकी साथ ही साथ तैयारी करते जाइये आपको सफलता अवश्य मिलेगी। संस्थान के निदेशक ओमप्रकाश सुथार ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि आपको जो हुनर मिला है तो पहली फुरसत में उस कार्य को शुरू कर दें। हुनर से आपको सफलता मिलेगी। संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी उमाशंकर आचार्य ने कहा कि पांच महीने के असिस्टेंट कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशिक्षण शिविर में कंप्यूटर बेसिक से जुड़े बहुत से गुर सिखाये गये। इस प्रशिक्षण के बाद सभी प्रशिक्षणार्थी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लोन लेकर खुद का इंस्टीट्यूट खोल सकते है। केंद्र की संदर्भ व्यक्ति खुशबू भाटी ने सिखाये गए कार्य का विवरण प्रस्तुत किया।

### भैरव मंदिर में महा आरती



कोडमदेसर भैरव मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु।

**बीकानेर,** (कासं)। कोडमदेसर भैरव मंदिर में शनिवार को भैरव अष्टमी व रविवार को बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों के पहुंचने पर मेले का सा माहौल था। मंदिर में शनिवार को तेल सिन्दूर से अभिषेक, विशेष श्रृंगार तथा रविवार को सुबह चार बड़े महा आरती की गई। अनेक श्रद्धालुओं व मंदिर संचालन करने वाले देदारामजी सार्वजनिक प्रन्यास की ओर सेवा शिविर लगाये गए। प्रन्यास के कार्यालय संचालक रामेश्वर गहलोत ने बताया कि श्रद्धालुओं ने चाय, कॉफी, पकौड़ी, राबड़िया आदि की सेवाएं लगाई। शुक्रवार को भक्तों की ओर से आतिशबाजी की गई।

## बढ़ती चोरियों से लोग परेशान, निशाने पर सूने मकान

■ नोखा में बीते तीन माह में दो दर्जन से अधिक चोरी की वारदातें, एक का भी नहीं हुआ खुलासा

**नोखा,** (कासं)। शहर हो गांव, बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोग परेशान है। चोरी की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा रखी है। सूने व बंद मकानों में चोरी करने के साथ चोर दुपहिया वाहनों को भी चुरा रहे हैं। नोखा में चोर बेखौफ हो रहे हैं। क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

बीते तीन माह में दो दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है। वहीं पुलिस अभी तक एक भी चोरी की वारदात का खुलासा करना तो दूर अधिकतर मामलों में सुराग नहीं लगा सकी है।

शहरी क्षेत्र में सक्रिय गिरोह के निशाने पर वाहन और सूने मकान हैं। जब भी चोरी की घटना होती है तो पीड़ित थाने जाकर घटनाक्रम की रिपोर्ट लिखाकर आता है। कई मामलों में तो सीसीटीवी कैमरे के फुटेज तक उपलब्ध कराए जाते है। उसके बावजूद पुलिस चोरी का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है। चोरी का खुलासा करने के लिए पीड़ित कई बार थाने के चक्कर काटते हैं। बाद में थक-हारकर बैठ जाते हैं।

शहर में तीन अगस्त को सूने मकान के ताले तोड़कर आठ हजार नकदी सहित सोने-चांदी के आभूषण चोरी, पांच अगस्त को लखारा चौक में बिजाराम जाट के मकान से आभूषण चोरी, 6 अगस्त को इंद्रा कॉलोनी में बजरंग सारस्वत के घर से लाखों के आभूषण चोरी, 20 अगस्त को बाबा छोटूनाथ स्कूल के पीछे एक सूने मकान से सात हजार नगदी व आभूषण चोरी और सुजानगढ़ रोड़ पर बंद मकान से आभूषण व सिलेंडर चोरी, 21 अगस्त को बीकानेर रोड पर पूर्णाराम के यहां से आभूषण व नकदी चोरी, दो सितम्बर को फारुख मोहम्मद के बंद मकान से लाखों के आभूषण व 50 हजार नकदी चोरी की वारदात हुई।

चार सितम्बर को चूना भट्टा के पास बंद मकान से आभूषण चोरी, 5 सितम्बर को राठी खेड़ी में शिवलाल जाट के बंद मकान से 12 हजार नकदी व लाखों के आभूषण चोरी, 10 सितंबर को मोहनपुरा में करनी सिंह के बंद मकान से लाखों के गहने चोरी, 12 सितम्बर को बागड़ी गेस्ट हाउस के पीछे बंद मकान से आभूषण चोरी, 14 सितम्बर को हरीराम मंदिर के पीछे बंद मकान से आभूषण चोरी, 21 सितम्बर को हिम्मटसर में बृजलाल बिश्नोई के बंद मकान से लाखों के गहने व 50 हजार नकदी चोरी, 23 सितम्बर को घंटाघर, मिर्ची गली के पास दुकान में चोरी, 25 सितम्बर को हनुमान धोरा के पास बंद मकान से लाखों के आभूषण चोरी की वारदात हुई।

## अशोक ओहरी को श्रद्धांजलि दी

**बीकानेर,** (कासं)। क्रिकेट खेल जगत में बीकानेर सहित प्रदेश स्तर पर कुशल क्रिकेट आयोजन व प्रतिभाओं को अवसर देने वाले अशोक ओहरी के निधन पर रविवार को सादुल क्लब मैदान में जिला क्रिकेट संघ व खेल जगत से जुड़े खिलाड़ियों ने उनके खेल कार्यों को स्मरण करते हुए पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रवक्ता शंकर सेवग ने बताया कि सर्वप्रथम राजकुमार जोशी ने अशोक ओहरी की जीवनी का वाचन जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह ने पुष्प श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ओहरी सर पिछले 5 दशकों से पूर्णतया क्रिकेट खेल जगत को समर्पित रहे। उन्होंने जयपुर के मैदानों में कई अंतरराष्ट्रीय मैच के सफल आयोजन करवाए तथा कई क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्रदान किया। अशोक ओहरी की पुत्री रूचि ओहरी ने कहा कि पापा हमेशा क्रिकेट की ही बातें करते थे। प्रवेश भारद्वाज ने कहा कि अशोक ओहरी ने विल्स ट्रॉफी के माध्यम से कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को रेलवे मैदान में खिलाया।

## खस्ताहाल सड़क दे रही हादसों को न्यौता

■ पटेल नगर-वल्लभ गॉर्डन की मुख्य सड़क हादसों की सड़क बन रही है

■ पुल के नीचे दीवारों में लगातार हो रहा है पानी का रिसाव

**बीकानेर,** (कासं)। जनप्रतिनिधियों के उपेक्षित रवैये तथा जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण पटेल नगर-वल्लभ गॉर्डन की मुख्य सड़क हादसों की सड़क बन रही है।

लम्बे समय से चल रही लापरवाही और अनदेखी के कारण स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।। ऐसा प्रतीत होता है कि जर्जर हो चुकी सड़क और सीवरेज की समस्या के बारे में न हम सुनेंगे, न हम इसे गंभीरता से लेंगे और न ही इसके ठोस समाधान का प्रयास ही करेंगे। बस इंतजार करेंगे किसी बड़ी दुर्घटना और जान-माल की हानि होने का। प्रशासन की आंखें भी तभी खुलती हैं जब समस्या नासूर बन चुकी होती है। उसके बाद तुरन्त राहत प्रदान करने के नाम पर लीपापोती करके इतिश्री कर ली जाती है। तालमेल और साधनों का अभाव मौके पर साफ दिखाई देता है।

समय-समय पर होते हादसे पूर्व चेतावनी है प्रशासन के लिए। सीवरेज जाम होने के कारण नवनिर्मित पुलिया भी खतरे में आ गया है। क्योंकि पुल के नीचे दीवारों में लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। जिसके कारण दीवारों के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है।

स्थानीय निवासियों गणेश कुमार, कैलाश बद्रीनारायण, सीताराम, वीरेन्द्र सिंह, कुलदीप महर्षि, सीताराम, रेवतराम आदि का कहना है कि प्रशासन को पुल को सुरक्षित करने, सड़क और सीवरेज की समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसके समाधान के शीघ्र ठोस कदम उठाना चाहिए ताकि अनहोनी घटना को घटित होने से पहले ही रोका जा सके।

## दुकानों के आगे सड़क पर सामान मिला तो जब्त

■ बाजारों में दुकानदारों द्वारा किया अतिक्रमण हटाया जायेगा

**सूरतगढ़,** (कासं)। बाजारों में दुकानदारों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने शनिवार शाम को शहर में मुनादी करवाई।

पालिका की ओर से दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान यातायात पुलिस भी मौजूद रही। पालिका प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि दुकानदारों या अतिक्रमणकारियों ने सड़कों पर रखे सामान को नहीं हटाया तो सोमवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के दौरान जिन दुकानदारों का सामान सड़क पर पाया जायेगा, उसे जब्त कर लिया जायेगा।

नगर पालिका ईओ पूजा शर्मा ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों पर कई दुकानदारों ने अपने सामान सड़कों पर रखा हुआ है, जिससे आमजन और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, इस अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका ऐसे दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी जिन्होंने अतिक्रमण किया है। पालिका अधिकारियों ने बताया कि जेसीबी की सहायता से हर प्रकार के अतिक्रमण को हटवाया जायेगा।

## गाड़ी से युवक को कुचला

**नोखा,**(कासं)। नोखा थाना के देसलसर में स्थित भारतमाला रोड के पुलिया के पास एक व्यक्ति की कैम्पर गाड़ी के कुचलने से मौत हो गई।

जानकारी के देसलसर गांव में भारत माला एक्सप्रेस वे के पुलिया के पास एक व्यक्ति खड़ा था तभी रंजिश वश एक कैम्पर गाड़ी में सवार होकर कुछ लोग आए व रोड के पास खड़े युवक के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। जिसके पास में खड़े परिजनों में उसे बीकानेर पीबीएम अस्पताल लेकर गए। जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर नोखा पुलिस मौके पर पहुंची व साक्ष्य जुटाए। रविवार को परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि घटना में जांगलू निवासी सुनील बिश्नोई की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## अनुपस्थित मिले 4 बी.एल.ओ. को कारण बताओ नोटिस जारी

■ अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार 24 नवम्बर को सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया गया। जिस दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने निर्धारित बूथ पर उपस्थित रहे और मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन आदि से संबंधित दावे आपत्तियां प्राप्त की गई।

औचक निरीक्षण के दौरान पूरबसर भाग संख्या 157, पल्लू भाग संख्या 172, ब्रह्मसर भाग संख्या 4 धन्नासर सहित कुल 4 बीएलओ अनुपस्थित मिले। इन बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के निर्देश दिये गए। विशेष अभियान के दौरान बीएलओ की बूथ पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा आमजन को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने हेतु एडीएम नोहर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, उप पंजीयक हनुमानगढ़, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी कानाराम ने धोलीपाल, रोड़ावाली क्षेत्र में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेदी लाल मीना ने केलनियां, पूरबसर, बिसरासर, पल्लू, ब्रह्मसर तथा धन्नासर क्षेत्र के 15 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 5500 नये मतदाताओं के आवेदन प्राप्त हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं बीडीओ आदि को फील्ड में निरीक्षण कर बीएलओ के कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए ताकि कोई मतदाता पंजीकरण से शेष ना रहे और निर्वाचन विभाग की ओर से आवंटित लक्ष्य की पूर्ति की जा सके।

## पेमासर के प्रगतिशील किसान के खेत पर खजूर फॉर्म व कृषि उद्यानिकी देखी



कृषि एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त सचिव मुक्तानन्द अग्रवाल ने ग्राम पेमासर के प्रगतिशील किसान शिवकरण कूंकणा के खेत पर खजूर फॉर्म का निरीक्षण किया।

■ अन्य किसानों को भी खजूर फल बगीचा के लिए प्रोत्साहित किया जाए

**बीकानेर,** (कासं)। कृषि एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त सचिव मुक्तानन्द अग्रवाल ने रविवार को जिले के किसानों के खेतों में कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों का अवलोकन किया। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

संयुक्त सचिव कृषि ने कृषि-उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ ग्राम पेमासर के प्रगतिशील किसान शिवकरण कूंकणा के खेत पर खजूर फॉर्म व अन्य कृषि उद्यानिकी तकनीकी का निरीक्षण किया। विभाग द्वारा दिए जा रहे अनुदानित कम्पोनेंट्स व योजनाओं की ऑन फील्ड समीक्षा की। प्रगतिशील किसान शिवकरण ने बताया कि उनके द्वारा 2.5 हैक्टेयर क्षेत्रफल में वर्ष 2010 में खजूर बगीचा उद्यान विभाग के सहयोग से पूर्णत: बूंद-बूंद सिंचाई संयंत्र आधारित स्थापित किया गया था। उनके द्वारा प्रत्येक खजूर फल वृक्ष से 200 किलो तक फल उत्पादन प्राप्त हो जाता है। खजूर फल बगीचा स्थापना के साथ समन्वित कृषि प्रबंधन से अच्छा लाभ कमा रहे हैं।

अग्रवाल ने प्रगतिशील किसान शिवकरण द्वारा किये गए प्रयासों की सराहना की व विभाग को निर्देश दिए कि जिले के अन्य किसानों को भी खजूर फल बगीचा स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जाए। कृषि उद्यानिकी अधिकारी मुकेश गहलोत ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित अनुदान योजनाओं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, सूक्ष्म सिंचाई योजना, सोलर पंप संयंत्र योजना के विभिन्न बिन्दुओं का फीडबैक दिया। अग्रवाल ने निर्देश दिए कि विभिन्न अनुदान योजनाओं का लाभ समयबद्ध पात्र किसानों को दिया जाना सुनिश्चित करें।

## मंत्रालयिक कर्मचारियों की डीपीसी को लेकर धरना जारी

**बीकानेर,** (कासं)। मंत्रालयिक संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रिव्यू एवं नियमित डीपीसी करने तथा पदस्थापन में ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से शत प्रतिशत पदों को प्रदर्शित करने की मांग को लेकर शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ राजस्थान बीकानेर के प्रदेशाध्यक्ष कमल नारायण आचार्य एवं प्रदेश संस्थापक मदन मोहन व्यास के नेतृत्व में 2 नवम्बर को प्रात: 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक की अवधि का अनिश्चितकालीन धरना आज 20 वें दिन भी शिक्षा निदेशालय बीकानेर के समक्ष जारी रहा।

धरने के समर्थन में जितेन्द्र गहलोत प्रदेश महामंत्री स्वतंत्र महासंघ, विष्णुदत्त पुरोहित, सुनील कुमार सिडाणा, प्रवीण गहलोत, गिरजाशंकर आचार्य, कमलनयन सिंह, मनीष शर्मा आदि शामिल थे। आचार्य ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग को रिव्यू एवं नियमित डीपीसी के लाभ से किया जा रहा है। वंचित, शिक्षा संवर्ग को पदोन्नति का तोहफा दिया जा रहा है। विभाग के दोहरे मानदण्डों के खिलाफ शिक्षा निदेशालय के सामने शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ द्वारा अनिश्चितकालीन धरना 20 वें दिन भी जारी रहा। 28 नवम्बर को सुबह 11.00 बजे से शासन सचिवालय जयपुर से माननीय मुख्यमंत्री आवास एवं राज्यपाल के आवास तक पैदल मार्च किया जायेगा।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3728 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.11..2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चिमन लाल सेतिया पुत्र श्री मुरारी लाल सेतिया निवासी 3-ए-28 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 53 किला नं. 23 में माप 45 इंटू 89.6 फीट भू.सं. एसओ-14, रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा सं. 8693 दिनांक 11.5.2010 को आर.आर.एस. निर्माण प्रा.लि. जरिये डायरेक्टर श्रीमती मंजू ढिल्लों पत्नी श्री सी.बी. ढिल्लों के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री चिमन लाल सेतिया द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 13.7.2022 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री चिमन लाल सेतिया पुत्र श्री मुरारी लाल सेतिया निवासी 3-ए-28 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1062

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर